# Class-II Hindi Chapter-5

# Dosto ki Madad

**शब्दार्थ :** माँद-खोह, पशुओं के रहने का स्थान। सरपट-तेज़ गति की चाल या दौड़।

छलाँग लगाकर-उछलकर। खाल-शरीर का ऊपरी चमड़ा। तरकीब-उपाय, तरीका, ढंग।

**प्रश्न – अभ्यास**

**कहानी से**

प्रश्न 1 लोमड़ी ने कछुए को बचाने का क्या उपाय सोचा?
उत्तर: लोमड़ी ने कछुए को बचाने की एक तरकीब सोची। उसने तेंदुए से कहा कि वह कछुए को पानी में फेंक दे ताकि उसका खोल नरम हो जाए।

प्रश्न 2 तेंदुए ने क्या मूर्खता की?
उत्तर: तेंदुए ने यह मूर्खता की कि वह लोमड़ी की बातों में आ गया और उसने कछुए को पानी में फेंक दिया।

प्रश्न 3 अब बताओ इनके लिए क्या कहेंगे

(i) जो तेज़ भागता हो।
उत्तर: वह खरगोश की तरह भागता है।

(ii) जो बहुत अच्छा तैराक हो।
उत्तर: वह मछली की तरह तैरता है।

प्रश्न 4 बताओ कछुए के खोल जैसी सख्त चीजें और क्या हो सकती हैं?
उत्तर: कछुए के खोल जैसी अन्य सख्त चीजे हैं-शंख, घोंघा, सीपी, नारियल, इत्यादि।

प्रश्न 5 लोमड़ी ने तेंदुए को कछुए का खोल तोड़ने का आसान तरीका बताया था। क्या तुम नारियल को तोड़ने का तरीका सुझा सकते हो?
उत्तर: सबसे पहले नारियल में छेद करके उसके पानी को निकाल लेना चाहिए। फिर हँसुए से सके ऊपर के रेशे को निकालना चाहिए। अंत में नारियल को फ़र्श पर हल्के से पटककर तोड़ देना चाहिए।

**एक से अनेक**

| |
|---|
| एक **कछुआ** पानी से बाहर निकल आया। |
| तीन **कछुए** पानी से बाहर निकल आए। |

प्रश्न 6 बताओ, ऐसे कौन-कौन चलता है?

उत्तर:

| | | |
|---|---|---|
| फुदक-फुदक कर | गौरैया | मैना |
| चौकड़ी भरकर | घोड़ा | हिरन |
| छलाँग लगाकर | बिल्ली | कुत्ता |
| रेंग-रेंग कर | साँप | जोंक |

**मुलायम-नर** लोमड़ी ने तेंदुए को बताया था कि पानी में फेंकने से कछुए का खोल मुलायम हो जाएगा।

प्रश्न 7 नीचे लिखी चीज़ों में से कौन-कौन-सी चीजें पानी में फेंकने से मुलायम हो जाएँगी? सही जगह पर लिखो।।

| |
|---|
| कागज़, लकड़ी, गिलास, रोटी, बिस्किट, |
| प्लेट, पत्ता, मोम, रूई, पापड़ |

उत्तर:

| मुलायम हो जाएँगी | मुलायम नहीं होंगी |
|---|---|
| कागज़ | लकड़ी |
| रोटी | गिलास |
| बिस्किट | प्लेट |
| पत्ता | मोम |
| रूई | |
| पापड़ | |